आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 06.05.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के सभी जिला एवं उप–जिला अस्पतालों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया।
- केंद्र ने कई राज्यों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए बुधवार को मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा।
- **और,** प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र सभी जिला प्रशासनों को सतर्क रहने के निर्देश।

प्रादेशिक **समाचारों के साथ मैं गीता नेगी, और अब समाचार विस्तार से–**

## चिकित्सा सुविधाएं

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के सभी जिला एवं उप–जिला अस्पतालों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मानव संसाधन और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। इसके लिए पात्रता मानकों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित नर्सिंग कोर्स में जर्मनी और जापान में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए जर्मन और जापानी भाषाओं को भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए दून विश्वविद्यालय और अन्य भाषायी संस्थानों को पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा।
भारतीय चिकित्सा पद्धति को महत्त्वपूर्ण बताते हुए मुख्य सचिव ने एलोपैथी और आयुष चिकित्सा पद्धतियों को एकीकृत ढंग से लागू करने की जरूरत बताई। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्गों पर स्थित अस्पतालों को मजबूत करने के निर्देश भी दिए ताकि यात्रा के दौरान अन्य अस्पतालों से चिकित्सकों की जरूरत न पड़े।

## आइस स्केटिंग रिंक जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने इसे उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।
वर्ष 2011 में इस आइस स्केटिंग रिंक में साउथ–ईस्टर्न एशियन विंटर गेम्स आयोजित किए गए थे, जिनमें भारत सहित भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। लेकिन वर्षों तक उपेक्षा के कारण यह रिंक बंद हो गया था।
मुख्यमंत्री ने बताया कि इस रिंक को संचालित करने के लिए एक मेगावाट का सोलर प्लांट भी स्थापित किया गया है, जिससे यह ग्रीन एनर्जी से संचालित होगा। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में इस रिंक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिससे प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देवभूमि को "खेल भूमि" बनाने की दिशा में यह रिंक भी एक अहम मील का पत्थर साबित होगा।

**भुभारंभ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में "एशियन सब जूनियर–जूनियर मैन एंड वूमेन कप और एशियन यूनिवर्सिटी कप पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य को ''खेलभूमि'' के रूप में स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार जल्द ही 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' लागू करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी, जिनमें प्रतिवर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और एक हजार अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में एशिया के 16 देशों के 300 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए 517 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्टेडियम और 100 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

**प्रशंसा / बैठक**

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड में कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास देहरादून में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यहां कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने पारंपरिक फसल झंगोरा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झंगोरा राज्य की प्रमुख पारंपरिक फसल है, जो लगभग 38 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में होती है। केंद्रीय मंत्री ने इस पर सकारात्मक विचार का भरोसा दिया।
केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने के लिए देशभर में वैज्ञानिकों की दो हजार टीमें बनाई जा रही हैं, जो जिलों में जाकर स्थानीय कृषि परिस्थितियों के अनुसार मार्गदर्शन करेंगी।
मुख्यमंत्री ने बैठक में घेरबाड़ योजना, कृषि यंत्रीकरण, सीड हब, अति सघन सेब बागवानी, कीवी मिशन, शहद, मशरूम और एक्जोटिक सब्जियों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी योजनाओं में केंद्र से सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर तेजी से कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**मॉक ड्रिल**

गृह मंत्रालय ने कई राज्यों से कल नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इन उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना शामिल है। सूत्रों ने बताया कि उपायों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को समय से पहले छिपाने का प्रावधान और निकासी योजना को अपडेट करना तथा उसका पूर्वाभ्यास करना भी शामिल है। मॉक ड्रिल एक तरह का अभ्यास है जिसे व्यक्तियों को संभावित आपात स्थितियों या गंभीर स्थितियों के लिए तैयार करने के लिए तैयार किया जाता है।

**मौसम**

राज्य के मौसम को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि की संभावना के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, उत्तरकाशी जिले में कल और परसों के लिए रेड अलर्ट घोषित किया गया है, जहां भारी बारिश, ओलावृष्टि और भारी हिमपात की संभावना जताई गई है। इसके अलावा चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भी बर्फबारी, भारी बारिश और आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में बारिश और आंधी का यह सिलसिला आने वाले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

**सतर्कता**

उत्तरकाशी और अन्य जिलों में मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन से रिपोर्ट ली और सभी जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जरूरी तैयारियों के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के पालन में सचिव और विभागीय अधिकारियों ने सभी जिलों को अलर्ट पर रहने, आवश्यक उपकरणों की तैनाती, और चारधाम यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। खराब मौसम में यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने और उनके लिए जलपान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी तय किया गया है कि अगर किसी जिले में अधिक यात्री रुक रहे हैं तो समन्वय कर उन्हें दूसरे जनपदों में रोका जाए।
टिहरी जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना देने के लिए हर गांव में पाँच लोगों की टीम बनाई गई है, जिनके माध्यम से तुरंत जिला आपातकालीन केंद्र को जानकारी दी जा सकेगी। यह मॉडल अन्य जिलों में भी अपनाने की तैयारी है।
सचिव आपदा प्रबंधन ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने वाली मशीनें और अन्य उपकरण तैनात करने करने को कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपदा से संबंधित सूचना देता है तो उसे गंभीरता से लिया जाए और झूठी सूचना देने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाए।

**प्रोजेक्ट नंदा–सुनंदा**

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा शुरू किए गए ''प्रोजेक्ट नंदा–सुनंदा'' के तहत 9 बालिकाओं की शिक्षा दोबारा शुरू की गई। यह योजना उन असहाय व आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को फिर से पढ़ाई से जोड़ने का प्रयास है, जिनकी शिक्षा पारिवारिक या आर्थिक मजबूरी के कारण बीच में रुक गई थी।

अब तक इस प्रोजेक्ट से लगभग 28 बेटियों की शिक्षा को फिर से शुरू किया गया है और 10 लाख रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा दुनिया का सबसे शक्तिशाली हथियार है और बेटियों को शिक्षित करके ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्राओं से शिक्षा की "स्पार्क" को जीवित रखने और अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करने की अपील की। श्री बंसल ने कहा कि प्रोजेक्ट नंदा–सुनंदा एक सतत प्रयास है, जो भविष्य में भी चलता रहेगा।

सोमवार जन दर्शन

"सोमवार जन दर्शन" कार्यक्रम देहरादून जिले में जनता के भरोसे का प्रतीक बनता जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कुल 133 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें भूमि, अतिक्रमण, पेयजल, स्वास्थ्य, पेंशन, शिक्षा और नगर निगम से संबंधित मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के सभी जिला एवं उप–जिला अस्पतालों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया।
- केंद्र ने कई राज्यों से नागरिक सुरक्षा तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए बुधवार को मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा।
- **और,** प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र सभी जिला प्रशासनों को सतर्क रहने के निर्देश।